बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

BSEIDC

(A Govt. of Bihar Undertaking)

ISO 9001:14001; OHSAS 18001

...ksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasha Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna - 800 004

Tel. No. : 0612 - 2660850 • Fax No. : 0612 - 2660256

E-mail : bseidc@gmail.com • Website : http://www.bseidc.in • CIN : U80301BR2010SGC015859

पत्रांक– BSEIDC/TECH/289/2019 (Vol-I)-1496 पटना, दिनांकः 05.03.2021

प्रेषक,

मुख्य अभियंता
BSEIDC, पटना।

सेवा में,

Birendra Kumar Singh,
AT-Kulipar Market, Katihar, Bihar.

विषयः– ग्रुप सं०–**USSS-145** के तहत किशनगंज जिला अंतर्गत **"M.S. at Farabari & M.S. at Kuwari"** के भवन का निर्माण कार्य (एकरारनामा सं०–**567 SBD of 2014-15** दिनांक–30.12.2014) को **SBD** के **Clause of Contract** के प्रावधानों के अंतर्गत **Rescind** करने के संबंध में।

प्रसंगः कार्यपालक अभियंता, पूर्णियाँ प्रमण्डल, BSEIDC का पत्रांक–BSEIDC/PUR/EE-94, दिनांक–31.01.2021 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–BSEIDC/TECH/135/2019-1007 दिनांक–12.02.2021

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के आलोक में कहना है कि ग्रुप सं०– **USSS-145** के तहत किशनगंज जिला अंतर्गत **"M.S. at Farabari & M.S. at Kuwari"** के भवन का निर्माण कार्य **(एकरारनामा सं०–567 SBD of 2014-15 दिनांक**–30.12.2014) को किया गया था। एकरारनामा के अनुसार, कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 17.10.2015 (15 माह) थी। कार्य की समाप्ति की तिथि से 05 वर्ष 03 माह समय बीत जाने के बावजूद अभी तक आपके द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। कार्यपालक अभियंता, पूर्णियाँ प्रमण्डल के द्वारा आपको कार्य पूर्ण करने हेतु बार–बार निदेश दिया गया। पुनः इस कार्यालय के ज्ञापांक– BSEIDC/TECH/135/2019-1007 दिनांक–12.02.2021 द्वारा कार्य की धीमी प्रगति के कारण एकरारनामा की सुसंगत कंडिकाओं के तहत विषयक एकरारनामा को आपके Risk & Cost पर विखंडित कर Security Deposit को जब्त करते हुए आपके निबंधन को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका 11 क (ii) के आलोक में काली सूची में दर्ज करने के संबंध में कारण पृच्छा की गई एवं दिनांक–23.02.2021 तक अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया था, जिसके आलोक में आपके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नही किया गया। वर्त्तमान में भी कार्य लम्बी अवधि से बंद है।

उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पूर्णियाँ प्रमण्डल के पत्रांक–BSEIDC/PUR/EE-94, दिनांक–31.01.2021 द्वारा कार्य को पूर्ण नही कराये जाने के कारण बाध्य होकर एकरारनामा को विखंडित करने की अनुशंसा की गई है।

Scanned by CamScanner

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं लोकहित/कार्यहित में SBD के कंडिका 3 (iii), (iv), (v) तथा 14(iii) एवं 14x(b) के अंतर्गत Contract Agreement संख्या–567 SBD of 2014-15 दिनांक–30.12.2014 को तत्काल प्रभाव से आपके Risk & Cost पर विखंडित (Rescind) किया जाता है। साथ ही SBD के कंडिका 3 (vii) (a) के तहत Performance Security जब्त की जाती है।

बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका– 11 क (ii) के आलोक में अन्य कार्रवाई भी की जायेगी।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

5.3.21

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक: BSEIDC/TECH/289/2019 (Vol-I)-1496 Dt-05.03.2021 पटना, दिनांक–05/3/21 05-03-21

प्रतिलिपि: कार्यपालक अभियंता, पूर्णियाँ प्रमण्डल, BSEIDC को निदेश दिया जाता है कि संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में तिथि निर्धारित कर अंतिम मापी कराकर शेष कार्य का प्राक्कलन एवं परिमाण विपत्र तैयार कर समर्पित करें ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

5.3.21

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक: BSEIDC/TECH/289/2019 (Vol-I)-1496 Dt-05.03.2021 पटना, दिनांक–05/3/21 05-03-21

प्रतिलिपि: कार्यपालक अभियंता (मु०), BSEIDC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5.3.21

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक: BSEIDC/TECH/289/2019 (Vol-I)-1495 Dt-05.03.2021 पटना, दिनांक–05/3/21 05-03-21

प्रतिलिपि: लेखा पदाधिकारी, BSEIDC, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त तथ्यों के आलोक में एकरारनामा सं०–567 SBD of 2014-15 दिनांक–30.12.2014 के एकरारनामा (SBD) के कंडिका 3 (vii) (a) के तहत Performance Security जब्त करना सुनिश्चित किया जाय।

5.3.21

मुख्य अभियंता

05/3/21 05-03-21

Scanned by CamScanner